

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

रणदीप हुड्डा ने मणिपुरी रीति-रिवाज से शादी की


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 226 ■ शुक्रवार, 1 दिसंबर 2023 ■ 3 रुपए ■ पेज 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

www.ulhasvikas.com


# प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ



**कल्याण.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से टेलीविजन प्रणाली के माध्यम से बातचीत की. इस सीधे प्रसारण से जिले के भिवंडी और कल्याण तालुका के ग्रामीणों को भी लाभ हुआ है। ग्राम पंचायतों ने इसके लिए विशेष व्यवस्था की थी।

प्रधानमंत्री ने महिला केंद्रित विकास सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसी दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराए गए। ताकि वे इस तकनीक का उपयोग आजीविका के लिए कर सकें। अगले तीन वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराये जायेंगे।

महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और इस्तेमाल करने का जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. इस पहल से कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। तदनुसार, प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण का गुरुवार को कल्याण तालुका के कोलनी कोलम ग्राम पंचायत और भिवंडी तालुका के घाटगांव के ग्रामीणों ने आनंद लिया।

स्वास्थ्य सेवा को सस्ता और सुलभ बनाना प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण की आधारशिला है। इस दिशा में की गई प्रमुख पहलों में से एक सस्ती दरों पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र की स्थापना है।

# वालधुनी नदी पर बनेगा फ्लाईओवर

## कडोंमनपा ने 639 करोड़ का प्रस्ताव एमएमआरडीए को सौंपा

करन बोधा
दैनिक उल्हास विकास

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली मनपा प्रशासन ने कल्याण शहर के भीतर यातायात की भीड़ के विकल्प के रूप में और बाहरी गांवों से आने वाले माल और भारी वाहनों के लिए एक स्वतंत्र मार्ग के रूप में, वालधुनी नदी के पास समानांतर सड़क पर एक फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। कल्याण शहर के लिए इन सड़कों, फ्लाईओवर के लिए 639 करोड़ के फंड की उम्मीद है. इसके चलते मनपा ने यह प्रस्ताव मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को सौंपकर फंड उपलब्ध कराने की मांग की है.

वालधुनी नदी के पास प्रस्तावित फ्लाईओवर पुणे, अहमदनगर, जुन्नर, मुरबाड क्षेत्रों से आने वाले माल, भारी वाहनों और गुजरात, वापी, मुंबई, भिवंडी क्षेत्रों से मुरबाड, जुन्नर, नगर आने वाले वाहन कल्याण की सड़कों की बजाय वालधुनी नदी के पास प्रस्तावित फ्लाईओवर से उल्हासनगर, बदलापुर लिंक रोड, दुर्गाडी किला, आधारवाड़ी होते हुए शहर के बाहर गांधारी पुल से वांछित गंतव्य तक पहुंच जाएगी। वर्तमान में ये वाहन दुर्गाडी किला, खडकपाड़ा, बिड़ला कॉलेज रोड, शहद फ्लाईओवर होते हुए वांछित गंतव्य तक जा सकते हैं।

### तकनीकी प्रतिवेदन

विकास योजना में वालधुनी नदी के पास कल्याण को पूर्व-पश्चिम से जोड़ने वाली 24 मीटर की सड़क प्रस्तावित है। यह सड़क कल्याण शहर में कल्याण-मुरबाद रोड, उल्हासनगर, बदलापुर जोड़ रोड को जोड़ेगी। यदि कल्याण पूर्व-पश्चिम रेलवे लाइन पर फ्लाईओवर के साथ इस सड़क का विकास किया जाए तो शहर के बाहर से आने वाले वाहनों की भीड़ रुकेगी।



कल्याण-कसारा और कल्याण-कर्जत दोनों रेलवे लाइनें प्रस्तावित सड़क मार्ग के अंतर्गत आती हैं। इसलिए, इन दोनों रेलवे लाइनों पर कल्याण पूर्व और पश्चिम पहुंच सड़कों को जोड़ने के लिए दो फ्लाईओवर प्रस्तावित हैं। रेलवे प्रशासन ने इन रेलवे पुलों के लिए प्रारंभिक मंजूरी दे दी है. सिटी इंजीनियर अर्जुन अहिरे ने कहा कि महानगर पालिका अंतिम मंजूरी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

इस सड़क परियोजना के लिए कुल 38 हजार 160 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता होगी. इसमें से 23 हजार 951 वर्ग मीटर जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शेष क्षेत्र का अधिग्रहण हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) के माध्यम से किया जा रहा है। कल्याण, उल्हासनगर के जन प्रतिनिधि इस बात पर जोर दे रहे हैं कि यह परियोजना जल्द शुरू होनी चाहिए।

> भविष्य में कल्याण शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, प्रशासन शहर में सुचारू यातायात के उद्देश्य से इस सड़क, फ्लाईओवर परियोजना को लागू करने का प्रयास कर रहा है।"
>
> **- अर्जुन अहिरे,**
> सिटी इंजीनियर,
> कडोंमनपा।

# मटके के अड्डे पर छापा

■ **6 लोगों के खिलाफ मामला**

**उल्हासनगर.** कैम्प-5 स्थित जय जनता कालोनी, मेट्रो बार के पीछे चल रहे मटके के अड्डे पर पुलिस ने छापा मारा और यहां मौजूद 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार हिललाइन पुलिस ने बुधवार को 3.35 बजे के करीब जय जनता कालोनी, मेट्रो बार के पीछे, दुर्गा प्रिंटिंग प्रेस के पास चल रहे एक मटके के अड्डे पर छापा मारा. यहां जुआ खेल रहे महेंद्र उदय जडीयाल, तुकाराम हरी जाधव, फिरोज अहमद इजराइन शेख, विशाल विजय चिकणे, व्यंकटेश उर्फ राजेश बालू शेट्टी व धनाजी रघुनाथ गिरासे के खिलाफ मामला दर्ज किया है. उक्त कार्रवाई अपराध शाखा, घटक-3, कल्याण व हिललाइन पुलिस ने संयुक्त रूप से की. पुलिस ने महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधनियम की धारा 12 (अ) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस हवलदार बागुल मामले की जांच कर रहे हैं.

# अंबरनाथ में ठाकरे गुट को भारी झटका



■ **उबाठा गुट के उप जिला प्रमुख व शाखा प्रमुख शिवसेना में हुए शामिल**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के उबाठा गुट के उप जिला प्रमुख, शाखा प्रमुख, युवा सेना उबाठा समूह के महासचिव ने बुधवार को कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की मुख्य उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर शिवसेना में शामिल हो गए. इस पक्ष प्रवेश से अंबरनाथ में शिवसेना ठाकरे गुट को भारी झटका लगा है. शिवसेना में शामिल इन सभी पदाधिकारियों को हाल ही में उबाठा समूह द्वारा नियुक्त किया गया था।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में, राज्य भर में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, स्वास्थ्य प्रणाली परियोजनाएं और विभिन्न जनहित परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। इन परियोजनाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में कई जनहित के फैसले भी लिए हैं। इससे राज्य की जनता सरकार के काम से संतुष्ट है. वहीं मुख्यमंत्री के जनहित कार्यों से प्रभावित होकर राज्य के विभिन्न दलों के कार्यकर्ता खुलकर शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में बुधवार को सार्वजनिक तौर पर शिवसेना में शामिल होने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की प्रमुख उपस्थिति में उबाठा ग्रुप के अंबरनाथ के उपशहर प्रमुख अनिल भोईर, विभाग प्रमुख विजय जावीरकर, विभाग प्रमुख अनिल पाटील, युवासेना महासचिव योगेश हातेकर, शाखाप्रमुख रुपेश जाधव, चंद्रकांत जाधव, मल्लेश सांगोलीकर, योगेश मुरबाडे, अमित पाटील, वैभव मसुरकर, उपशाखा प्रमुख धर्मा पाटील ने शिवसेना में प्रवेश किया. इस सभी पदाधिकारियों की उबाठा गुट ने हाल ही में नियुक्ति की थी. साथ ही अखिल भारतीय छावा संघटना के ठाणे जिल्हा अध्यक्ष चंद्रकांत भोईर के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हो गए.

# उल्हासनगर मनपा मुख्यालय में ऊर्जा बचत विद्युत उत्पादों की प्रदर्शनी

**उल्हासनगर.** मनपा मुख्यालय के महासभा हॉल में 'माझी वसुन्धरा' अभियान के तहत ऊर्जा बचत विद्युत उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन आयुक्त अजीज शेख ने किया और इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त जमीर.लेंगरेकर, मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे सहित महानगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित थे।



'माझी वसुंधरा' अभियान के तहत उल्हासनगर मनपा ने मुख्यालय सभागार में ऊर्जा बचत बिजली उत्पादन की प्रदर्शनी का आयोजन किया।

प्रकृति के पांच तत्व अर्थात भूमि, वायु, जल, अग्नि और आकाश के समन्वय से ऊर्जा की बचत से पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने के संबंध में शहरवासियों को जागरूक करने के लिए आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और उपायुक्त सुभाष जाधव के मार्गदर्शन में, कार्यकारी अभियंता हनुमंत खरात, पर्यावरण विभाग के प्रमुख विशाखा सावंत ने मनपा मुख्यालय के सभागृह में ऊर्जा बचत बिजली उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की. हम अपने दैनिक जीवन में विभिन्न कारणों से नियमित रूप से बिजली का उपयोग करते हैं। नागरिकों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि यदि आधुनिक उत्पादों का उपयोग किया जाए तो ऊर्जा की बचत कैसे की जा सकती है। उक्त विचार आयुक्त अजीज शेख ने व्यक्त किए.

नगरपालिका ऊर्जा बचत प्रदर्शनी में कॉमटन ग्रिवेन, पॉलीकैब, चतुर लाइट्स जैसी लगभग 14 कंपनियों ने अपने विद्युत उत्पादों का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में उल्हासनगर शहर के पूर्व नगरसेवक, स्कूलों के शिक्षक, आईटीआई छात्र, कॉलेज के छात्र, मनपा के अधिकारी और कर्मचारी और साथ ही कुछ गैर-सरकारी संगठन और उनके प्रतिनिधियों ने उक्त प्रदर्शनी का दौरा किया।

# रोटरी क्लब द्वारा 3 से 9 दिसंबर तक सर्विस सप्ताह का आयोजन

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में रोटरी क्लब से जुड़ी हुई सभी शाखाओं ने संयुक्त रूप से मिलकर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो आगामी 3 दिसंबर से शुरू होगा और 9 दिसंबर 2023 तक चलेगा। इस भव्य सर्विस सप्ताह में शामिल होने की अपील शहर के सभी रोटरी क्लब के सदस्यों ने उल्हासनगर शहरवासियों से की है। सभी शाखाओं के अध्यक्षों ने एक साथ मिलकर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3142 के गवर्नर मिलिंद कुलकर्णी के मार्गदर्शन में इस सप्ताह का आयोजन किया गया है।




रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर ईस्ट के अध्यक्ष मुरली हसेजा द्वारा मंगलवार 3 दिसंबर को वसुंधरा दिवस के मौके पर गोल मैदान में आयोजित हैप्पी स्ट्रीट में क्लब द्वारा स्टॉल नं. 17 पानी की टंकी के पास सुबह 7 से 10 बजे तक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। रोटरी क्लब ऑफ सपना गार्डन हरेश दावानी द्वारा सोमवार 4 दिसंबर को रक्तदान महा शिविर का आयोजन कालानी कॉलेज व सीएचएम कॉलेज में सुबह 10 से दोपहर 2 तक थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए किया गया है। रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर के अध्यक्ष डॉ. हरीश शहदादपुरी द्वारा मंगलवार 5 दिसंबर को स्त्री शक्ति दिन के उपलक्ष्य में महिलाओं व युवतियों को सेल्फ डिफेंस की तकनीक महाराष्ट्र मित्र मंडल स्कूल, उल्हासनगर-1 में सुबह 10 से 12 तक बताया जाएगा. रोटरी क्लब ऑफ सिंधुनगर के अध्यक्ष प्रदीप (पप्पू) बहरानी द्वारा बुधवार 6 दिसंबर को ज्येष्ठ महोत्सव दिवस गोल मैदान ब्रह्माकुमारी पीस पार्क छतरी में शाम 6 से 9 बजे तक मनाया जाएगा जहां हेल्थ चेकअप, अवेयरनेस शिविर के साथ मनोरंजन का भी कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा सभी चारों रोटरी शाखाओं द्वारा गुरुवार 7 दिसंबर को युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें लीडरशिप सेमिनार व जॉब फेयर का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक रोटरी सेवा केंद्र ए-12, वुडलैंड कॉम्प्लेक्स, फर्निचर बाजार, उल्हासनगर-3 में किया गया है। इसके अलावा भी 8 दिसंबर को कृषि दिन तथा 9 दिसंबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन रोटरी क्लब द्वारा किया गया है। रोटरी क्लब ऑफ उल्हासनगर के सेक्रेटरी गुल आडवाणी ने इन सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

# अंबरनाथ में लावारिस वाहनों पर नपा करेगी कार्रवाई

■ **जुर्माना वसूला जाएगा**

■ **हाथगाड़ियां, टपरी भी जब्त होंगी**

यूसुफ शेख
दैनिक उल्हास विकास

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 1 दिसंबर से लावारिस वाहनों को टोईंग कर जब्त करने एवं जुर्माना वसूल करने का काम शुरू हो रहा है. इस कार्य के लिए नगर परिषद ने रयान इंटरप्राइजेस को ठेका दे दिया है. नगर परिषद कार्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण रास्तों पर खड़े लावारिस वाहन, हाथगाड़ी, टपरी आदि को जब्त करके उससे जुर्माना वसूल करके मालिक को वापस वाहन दिए जाएंगे. इन लावारिस वाहनों के कारण शहर में ट्रैफिक जाम, नपा को साफ सफाई करने एवं शहरवासियों को चलने-फिरने में तकलीफ होती है. इसलिए नपा ने ई निविदा निकालकर इसका ठेका दिया है. इन वाहनों, टपरी, हाथगाडियों को फायर ब्रिगेड के मैदान, चिंचपाड़ा में टोईंग वाहन से ले जाकर जमा कराया जाएगा. लावारिस की तरह सड़कों पर खड़े बड़े वाहनों को जैमर भी लगाया जाएगा. शहरवासियों से कहा गया है कि वह लावारिस वाहनों, टपरियों व हाथगाड़ी की शिकायत अंबरनाथ नपा से करें. ठेकेदार से कहा गया है कि वसूल की गई जुर्माने की रकम रोजाना नपा कार्यालय में जमा करें. तीन साल के लिए ठेका दिया गया है. शहरवासियों से अपील की गई है कि वह अपने वाहन, दोपहिया, लावारिस की तरह खड़े करके ना जाएं वरना जुर्माना अदा करना होगा.




# कल्याण-तलोजा मेट्रो-12 का काम होगा शुरू

■ **MMRDA ने घोषित किया 1877.88 करोड़ का टेंडर**

■ **सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के प्रयास को मिली सफलता**

मोहनसिंह धामी
दैनिक उल्हास विकास




**कल्याण.** कल्याण-तलोजा मेट्रो-12 मार्ग कल्याण-डोंबिवली शहरों को नवी मुंबई, ठाणे और मुंबई महानगरों से सीधे जोड़कर इंट्रा-सिटी परिवहन का चेहरा बदल देगा. इसका काम जल्द ही प्रत्यक्ष तौर पर शुरू होगा। मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने इसके लिए 1 हजार 877.88 करोड़ के टेंडर की घोषणा की है और कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की लगातार कोशिश सफल रही है। कुल 5 हजार 600 करोड़ की लागत से बन रही इस मेट्रो लाइन के निर्माण का यह सबसे महत्वपूर्ण चरण है और अगर यह पूरा हो गया तो कल्याण-तलोजा 'मेट्रो-12' यात्राओं के लिए सेवा में आ जाएगा। यह परियोजना इस क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था के लिए गेम चेंजर साबित होने वाली है।



सड़क और रेल परिवहन का नया विकल्प देने वाली मेट्रो परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र में चल रही है. वहीं ठाणे से आगे कल्याण और डोंबिवली शहरों को ठाणे, भिवंडी, नवी मुंबई से सीधे मुंबई तक जोड़ने वाली मेट्रो-12 परियोजना भी प्रगति पर है. करीब 5600 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट का सर्वे पिछले साल पूरा हो गया था. हाल ही में एमएमआरडीए ने इस मेट्रो के निर्माण के लिए टेंडर की घोषणा की है। यह कुल 1 हजार 877.88 करोड़ का टेंडर है, जिसमें 17 स्टेशन और मेट्रो-5 और मेट्रो कारशेड को जोड़ने वाला रूट बनाया जाएगा. मेट्रो-12 के निर्माण के लिए सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे प्रयासरत हैं. उनके प्रयासों और लगातार अनुवर्ती कार्रवाई के कारण, कुछ ही महीनों में मेट्रो के वास्तविक निर्माण के लिए निविदा की घोषणा की गई है। अगर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई तो कुछ ही दिनों में मेट्रो का निर्माण शुरू हो जाएगा. मेट्रो लाइन के निर्माण में यह सबसे महत्वपूर्ण चरण है और इसके पूरा होने के बाद मेट्रो लाइन यात्रियों की सेवा में आ जाएगी।

> ### गेम चेंजर साबित होगी परियोजना
>
> कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में नए परिवहन विकल्प प्रदान करने के लिए कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की गई हैं। अगले दो से तीन वर्षों में यहां यात्रियों को रेल, सड़क, मेट्रो और जल परिवहन के विकल्प उपलब्ध होंगे। कल्याण तलोजा मेट्रो 12 लाइन का निर्माण शुरू होगा, जो कल्याण डोंबिवली शहरों को ठाणे, नवी मुंबई और मुंबई से सीधे जोड़ेगी और इस लाइन के निर्माण से सड़क और रेल परिवहन के लिए एक नया विकल्प मिलेगा। यह परियोजना परिवहन प्रणाली के लिए गेम चेंजर साबित होने वाली है।
>
> **- डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,**
> सांसद, कल्याण लोकसभा।

# चॉपर के साथ युवक धराया

**बदलापुर.** पापा वाइन शॉप के पीचे बदलापुर पश्चिम में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से चॉपर जब्त किया है.

मिली जानकारी के अनुसार 29 नवंबर की शाम 3.10 बजे के करीब पुलिस ने विशाल जगाराम राठोड़ को हिरासत में लिया और उसके पास से एक चॉपर बरामद किया है. उक्त चॉपर उसने अपने विरोधियों को मारने की लिए रखा था. पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय हथियार कायदा कलम 4, 25 समेत महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 37 (1), 135 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक बेंडकुले मामले की जांच कर रहे हैं.

# लोहे के रॉड से युवक को पीटकर किया घायल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 में मामूली विवाद के चलते 3 लोगों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट की और लोहे के रॉड से मारकर घायल कर दिया. इस मारपीट में फिर्यादी की सोने की चेन भी गायब हो गई.

मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी मयूर बालाराम मढवी (35) का शामू बुक स्टॉल के पास कुछ विवाद हुआ था. जिसके चलते आरोपी रोहित महानंद जाधव (28) ने प्रदीप खापरे व एक अन्य साथी के साथ मिलकर बुधवार की रात 7.48 बजे के करीब गाड़ी से जा रहे मयूर मढवी को रोका. जिसके बाद गालीगलौज करते हुए तीनों ने मयूर के साथ मारपीट की और लोहे के रॉड से हमला कर गंभीर घायल कर दिया. इस मारपीट में मयूर की सोने की चेन भी गुम हो गई और मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया. हिललाइन पुलिस ने रोहित जाधव को हिरासत में लेकर सीआरपीसी 141 (1)(अ) के तहत नोटिस दी है और अन्य दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है. हिललाइन पुलिस ने भादंसं की धारा 324, 323, 504, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक उप निरीक्षक रावखंडे मामले की जांच कर रहे हैं.

# उल्हासनगर मनपा स्कूल से 7500 का सामान चोरी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के स्वामी धर्मदास साहिब स्कूल के पीछे स्थित स्टोर रूम में रखे 2 स्पीकर व प्रोजेक्टर समेत कुल 7500 रुपए का सामान चोरी हो गया.

मिली जानकारी के अनुसार 26 नवंबर की शाम 4.30 बजे से 28 नवंबर की सुबह 7.30 बजे के दरम्यान उल्हासनगर मनपा के स्वामी धर्मदास साहिब स्कूल के पीछे स्थित स्टोर रूम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसा. यहां पर रखा एमईपीएल कंपनी का स्पीकर (2500 रुपए), प्रेस आन कंपनी का स्पीकर (2500 रुपए) तथा एक प्रोजेक्टर (2500 रुपए) चोरी कर ले गया. कुल चोरी हुए सामान की कीमत 7500 रुपए है. स्कूल के कर्मचारी गार्गी संजय चतुर्वेदी की शिकायत पर सेंट्रल पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक विशाल चिटणीस मामले की जांच कर रहे हैं.

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### नाजुक संतुलन

संवैधानिक योजना में संसद की सर्वोच्चता को दोहराते हुए भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक दिलचस्प तर्क पेश किया है। डिजोः "अन्य एजेंसियों... कार्यकारी या न्यायिक को छोड़कर, संसद अकेले ही संविधान की निर्माता है।" उन्होंने आगे कहा कि "संसद सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं लिख सकती है और इसी तरह, सुप्रीम कोर्ट हमारे लिए कानून नहीं लिख सकती है... जो लोग संसद में बैठते हैं वे एक उचित मंच पर वैध तंत्र के माध्यम से वहां मौजूद हैं।" लोगों ने अपना जनादेश व्यक्त कर दिया है...संसद की संप्रभुता राष्ट्र की संप्रभुता का पर्याय है।"

तर्क की यह पंक्ति बहुत महत्वपूर्ण है. लोकप्रिय संप्रभुता के विचार को रेखांकित करते हुए, एक राजनीतिक सिद्धांत को संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट रूप से सराहा गया है। संसद एक संस्थागत स्थान है जहां "लोगों की इच्छा" को विचार-विमर्श की श्रृंखला के माध्यम से कानूनों, नीतियों, कार्यक्रमों और मानदंडों में अनुवादित किया जाना चाहिए। इस अर्थ में, धनखड़ का तर्क इस स्थापित आधार को पकड़ता है कि संसद की केंद्रीयता हमारे संवैधानिक लोकतंत्र की विशिष्ट विशेषताओं में से एक है। लेकिन संसद की थीसिस की केंद्रीयता को बिल्कुल अलग तरीके से भी पढ़ा जा सकता है। संसद दो तरीकों से लोगों से अपनी वैधता प्राप्त करती है। सबसे पहले, मतदाता के रूप में लोग संसद (कम से कम लोकसभा) के गठन के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। चुनाव परिणाम संसद को वास्तव में प्रतिनिधि संस्था बनाने का सबसे पवित्र तंत्र होगा। दूसरे स्थान पर, यह माना जाता है कि संसद के निर्वाचित सदस्य लोगों के दृष्टिकोण, राय, अपेक्षाओं और चिंताओं का प्रतिनिधित्व करते हैंः वे उनके तत्काल मतदाता हैं। प्यूब्लो, इस अंतिम अर्थ में, एक अमूर्त इकाई में बदल जाता है, एक विचार जो कई व्याख्याओं के लिए खुला है, यहां तक कि विरोधाभासी भी। राजनीतिक वर्ग अपनी संवैधानिक स्थिति को उचित ठहराने के लिए लोगों के इस खुले अर्थ का उपयोग करता है। मतदाता के रूप में व्यक्तियों और अमूर्त संस्थाओं के रूप में व्यक्तियों के बीच यह अंतर संसद की थीसिस की केंद्रीयता की समीक्षा करने के लिए प्रासंगिक है। अधिक विशेष रूप से, यह समझने के लिए कि संसद की केंद्रीयता की थीसिस की व्याख्या और राजनीतिक रूप से उपयोग कैसे किया गया है, उत्तर-औपनिवेशिक भारत के इतिहास के विभिन्न राजनीतिक क्षणों का अवलोकन करना आवश्यक है।

# पर्यावरणः नाजुक हिमालय में निर्माण की चुनौती

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले की सिलक्यारा सुरंग में लगभग एक पखवाड़े तक फंसे 41 मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने से अच्छी खबर दूसरी नहीं हो सकती। एक राष्ट्र के रूप में हमें सामूहिक रूप से बचाव दल का शुक्रिया अदा करना चाहिए। विशेष रूप से उन रैट होल माइनर्स को (चूहे की तरह मिट्टी की खुदाई करने वाले श्रमिक), जिनके अंतिम प्रयास और केंद्र एवं राज्य सरकारों के दृढ़ संकल्प ने इसे संभव बनाया। 2014 में गैर-कानूनी घोषित रैट होल माइनिंग तकनीक का उपयोग सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए आखिरी कुछ मीटर को साफ करने के लिए किया गया। जब उन मजदूरों के बाहर निकालने के दूसरे प्रयास विफल होने लगे थे और दिल टूटने लगा था, तब इन्होंने दृढ़ता के साथ ठोस प्रयास किए।

जिन मजदूरों को इस संकट का सामना करना पड़ा, उनमें से अधिकांश गरीब हैं। उनके परिवार के लोग बचाव प्रयासों की अद्यतन जानकारी पाने व अपने प्रियजनों को देख पाने की उम्मीद में कई दिनों से दुर्घटना स्थल पर डेरा डाले हुए थे। ऐसे में, बधाई और जश्न तो स्वाभाविक है, पर यदि हम इस मौके पर खुद से कुछ महत्वपूर्ण सवाल नहीं पूछते, तो सुरंग में फंसे रहे इन मजदूरों के साथ-साथ हिमालयी क्षेत्र में कहीं भी ढांचागत परियोजनाओं पर काम करने वाले अन्य श्रमिकों का जीवन विफल कर देंगे, क्योंकि अब स्पष्ट हो गया है कि इस क्षेत्र में सुरंग बनाना बहुत मुश्किल है। यह सुरंग केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के चार पवित्र धामों को जोड़ने के लिए



नरेंद्र मोदी सरकार की 900 किलोमीटर की चार धाम राजमार्ग परियोजना का हिस्सा है, जिस पर वर्ष 2018 में काम शुरू हुआ था। आधिकारिक बयान में स्पष्ट कहा गया था कि 'परियोजना का लक्ष्य उत्तराखंड राज्य में धरासु-यमुनोत्री पर निकास मार्ग के साथ 4.531 किलोमीटर लंबी दो-लेन की दोतरफा सुरंग (328 मीटर पहुंच सड़क के साथ) का निर्माण करना है।'

बेशक फंसे हुए मजदूर बाहर निकल आए हैं, फिर भी हमें यह पूछना चाहिए कि वह निकास मार्ग कहां है? यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अगर निकास मार्ग होता, तो बहुत सारी चिंताओं से बचा जा सकता था। अभी तक इस बात को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है कि निकास मार्ग क्यों नहीं बनाया गया।

बुनियादी ढांचों का विकास महत्वपूर्ण है, लेकिन सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हम जानते हैं कि नियमों और विनियमों के बावजूद, देश भर में अक्सर सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया जाता है। विशेषज्ञों की रिपोर्टें हमें बताती हैं कि यह क्षेत्र पारिस्थितिक दृष्टि से बेहद नाजुक है और भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है। इसलिए यह सुनिश्चित करना राष्ट्रीय हित में है कि पूरे हिमालयी क्षेत्र में ऐसी आपदा दोबारा न हो। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पूरा हिमालयी क्षेत्र उच्च-सतर्कता वाला, भूकंप के भारी जोखिम वाला और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख केंद्रों में से एक है, इसलिए यहां पर उसी के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में चरम मौसमी घटनाएं होती हैं और दोबारा भी हो सकती हैं। हाल के समय में हमने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम में बार-बार आपदाएं देखी हैं।

अब हमें इस क्षेत्र की सभी बुनियादी ढांचों की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे सुरक्षा मानदंड अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप हों। हमें पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखना चाहिए। अन्यथा, लोगों और संसाधनों के लिए बार-बार जोखिम पैदा होंगे।

हिमालयी क्षेत्र किसी अन्य पहाड़ी इलाके की तरह नहीं है। हिमालय इस धरती पर सबसे युवा पर्वत है। यह बेहद नाजुक इलाका है, जहां भूस्खलन आम बात है। सरकार ने स्वयं संसद में बताया है कि हिमालय के कई हिस्सों में भौगोलिक स्थिति अस्थिर और गतिशील है। इसका मतलब है कि इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचों के निर्माण का कार्य बेहद सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। हमें उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र के अन्य सभी राज्यों में सभी नई एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की 'सुरक्षा ऑडिट' करने की जरूरत है। हमें ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए, जिससे जीवन खतरे में पड़े। सुरक्षा को ध्यान में रखने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है।





**अहंकार मन से उत्पन्न होता है। यह मन का तरीका है ताकि हम बाकी सब से खुद को अलग समझें।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खालिस्तान समर्थकों की हताशा

अमेरिका के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मर्यादामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा। जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे



हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं। कनाडा में खालिस्तानी तत्व लगातार हिन्दू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तो यह धमकी भी दी है कि कनाडा से हिन्दुओं को निकाला जाना चाहिए। पन्नू ने हाल ही में एयर इंडिया के विमानों को निशाना बनाने की धमकी दी थी और वह लगातार भारत के विरुद्ध जहर उगल रहा है। प्रधानमंत्री ट्रूडो का इन साजिशों एवं धमकियों को नजरअंदाज करने का कारण उनका खालिस्तान समर्थकों से समझौता होना बताया जाता है। इसी के चलते जस्टिन ट्रूडो एक के बाद एक गलतियां कर रहे हैं, जिसके चलते कनाडा में किसी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा ड्रग तस्कर, आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। यह वही खालिस्तानी हैं जिन्होंने भारत के कनिष्क विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। वहां खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। क्या कनाड़ा अपनी धरती पर आतंकवाद को पोषण देकर बिन बुलाये एक गंभीर समस्या को नहीं न्यौत रहा है? कनाड़ा की ही भांति अमेरिका भी खालिस्तानी आतंक को पनपा रहा है। यही कारण है कि अमेरिका ने तो भारत को यहां तक कह दिया था कि वह आतंकवादी निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा को सहयोग करेगा। हैरानी इस बात की है कि जिस अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन की तलाश में अफगानिस्तान की तेरा बोरा पहाड़ियों की खाक छानी और अंततः पाकिस्तान में घुसकर लादेन को मारा था, जिस अमेरिका ने अफगानिस्तान में छिपे बैठे अल जवाहरी को ड्रोन मिसाइल से मार गिया और जिस अमेरिका ने इराक में घुसकर सद्दाम हुसैन को ढूंढकर फांसी पर चढ़ाया था उसे आतंकी निज्जर की हत्या और पन्नू पर हमले की साजिश की इतनी चिंता क्यों है?

## जरा हट के

# लड़कियों को घूरता रहता था ब्वॉयफ्रेंड, प्रेमिका ने आंख में घोंप दी सूई

यूं तो सोशल मीडिया पर आप तरह-तरह की चीज़ें देखते, सुनते और पढ़ते रहते हैं लेकिन ये घटना ऐसी है कि ये आपकी रूह कंपा देगी. इसके बारे में जानने के बाद आपका दिल दहल जाएगा. ये सच्ची घटना एक ऐसे कपल की है, जो लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे. 8 साल साथ-साथ रहने के बाद भी कपल के बीच भरोसे की ऐसी कमी थी कि छोटी सी बात पर प्रेमी ने प्रेमी को करीब-करीब अंधा ही कर दिया.

### आंखों में धंसा दी सूई

हुआ यूं कि फ्लोरिडा में एक कपल पिछले आठ साल से लिव-इन में रह रहा था. उनके बीच किसी बात को लेकर एक दिन झगड़ा इतना बढ़ा कि महिला मारपीट पर उतर आई. nypost के मुताबिक दोनों मियामी की डेड काउंटी में रहते थे.



महिला अपने ब्वॉयफ्रेंड से इस बात पर नाराज थी कि वो दूसरी लड़कियों को भी घूरता रहता था. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रात 10 बजे कपल जब अपने घर पर था तो सोफे पर लेटे हुए ब्वॉयफ्रेंड पर महिला रैबीज की सूइयों के साथ कूद पड़ी. उसने ब्वॉयफ्रेंड की दाहिनी आंख में दोनों सूई घोंप दी.

### खुद ब्वॉयफ्रेंड ने किया कॉल

घटना के बाद दर्द से कराहते हुए ब्वॉयफ्रेंड ने खुद ही पुलिस को कॉल करके इसकी सूचना दी. इसके बाद उसे इलाज के लिए फौरन पास के अस्पताल में ले जाया गया. यहां से उसे जैक्सन मेमोरियल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया. उसने बताया कि इंजेक्शन को वो अपने कुत्तों के लिए लेकर आया था, लेकिन गर्लफ्रेंड के इस इरादे को लेकर वो अनजान था. पुलिस ने फिलहाल आरोपी सैंड्रा जिमेनेज को गिरफ्तार कर लिया है.

# घर में इन 5 पौधों को लगाने से चमक सकती है किस्मत!

### ■ आर्थिक तंगी हो जाएगी दूर, खुशनुमा रहेगा माहौल

पौधे हमारे वातावरण को ऊर्जावान बनाने और नकारात्मकता को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. वास्तु शास्त्र के अनुसार, कुछ ऐसे पौधे हैं, जिन्हें लोगों को अपने घरों में जरूर लगाना चाहिए. ये पौधे पॉजिटिव एनर्जी से घर को भर देते हैं और परिवार के लोगों के बीच रिश्तों को बेहतर बना सकते हैं. हरे पौधे घर की सजावट का काम भी करते हैं. ये हवा को शुद्ध करते हैं और चमत्कारिक लाभ प्रदान करते हैं. इन पौधों का धार्मिक महत्व भी होता है. कई बार लोगों के घर में वास्तु दोष होता है और उसकी वजह से उनके साथ कोई न कोई ऐसी घटना होती रहता है, जिससे उसकी परेशानी बढ़ जाती है. अगर आप



भी अपनी जिंदगी में परेशानियों का सामना कर रहे हैं, तो उसकी एक वजह वास्तु दोष भी हो सकता है. ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु सलाहकार डॉ. मृत्युंजय त्रिपाठी से ऐसे पौधों के बारे में जानेंगे, जिन्हें घर में लगाने से नेगेटिव एनर्जी दूर हो सकती है और लोगों को परेशानियों से राहत मिल सकती है.

### ■ तुलसी का पौधा

घर में तुलसी का पौधा लगाना बेहद शुभ माना जाता है. हिंदू धर्म में तुलसी को बेहद पवित्र माना जाता है और इसकी पूजा भी होती है. तुलसी का पौधा घर में सौभाग्य लाने और धन संबंधी समस्याओं से भी बचने वाला माना जाता है. परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए तुलसी का पौधा लगाना लाभकारी होता है. यह परिवार के सदस्यों के बीच के बॉन्ड को मजबूत करता है.\

### ■ नीम का पौधा

आपको जानकर हैरानी होगी कि नीम का पौधा घर में लगाने से सुख-शांति का वास होता है. वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के अंदर नीम के पौधों की मौजूदगी से सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण बनता है. नीम का पौधा उत्तर-पश्चिम कोने में लगाना चाहिए. कहा जाता है कि अगर नीम के पत्तों से होकर बहने वाली हवा मुख्य शयनकक्ष में प्रवेश करती है, तो यह परिवार के लिए अच्छा स्वास्थ्य लाती है.

### ■ मनी प्लांट

ऐसी मान्यता है कि घर में मनी प्लांट लगाने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल जाता है और परिवार के सदस्यों पर मां लक्ष्मी की कृपा बरसने लगती है. वास्तु के अनुसार यह पौधा सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है. मनी प्लांट के पौधे को बेहद खास माना गया है. ऐसा माना जाता है कि जिस घर में मनी प्लांट का पौधा होता है वहां कभी भी आर्थिक संकट नहीं पहुंचता है.

### ■ एलोवेरा

घर में एलोवेरा का पौधा लगाना भी शुभ माना जाता है. घर के लिए यह वास्तु पौधे सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर हैं. वास्तु के अनुसार अपने घर में उत्तर या पूर्व दिशा में एक छोटा सा एलोवेरा का पौधा रखने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं. इस पौधे का घर में रखना अच्छा माना जाता है.

### ■ स्नेक प्लांट

अगर आप चाहते हैं कि आपके जीवन से सभी समस्याएं, कष्ट दूर हो जाए तो स्नेक प्लांट घर लाकर लगाएं. यह घर के हवा को भी शुद्ध बनाता है. घर में सुख-समृद्धि बनाए रखने के लिए आप इस पौधे का चुनाव कर सकते हैं. यह वास्तु दोष दूर करके पॉजिटिव एनर्जी का संचार करता है.

## खाना-खजाना

# पालक पराठा

### सामग्री

पालक का स्वादिष्ट पराठा बनाने के लिए आपको 2 कप गेहूं का आटा और 2 कप बारीक कटे हुए पालक की जरूरत होगी. इसके अलावा आधा चम्मच कटा हुआ अदरक, 3 कलियां लहसुन, 2 चम्मच कटा हुआ हरा धनिया, 2 हरी मिर्च, 4 चम्मच ऑयल और स्वादानुसार नमक की जरूरत होगी. इन सभी चीजों को मिलाकर आप पालक के पराठे तैयार कर सकते हैं.

### बनाने की विधि

पालक का पराठा बनाने के लिए आप पालक को अच्छी तरह साफ करके धो लें. इसके बाद इसके पत्तों को एक-एक करके अलग बारीक काट लें. फिर हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और हरा धनिया को भी बारीक काटकर एक बर्तन में रख लें. इसके बाद मिक्सी में हरी मिर्च, लहसुन, हरा धनिया और अदरक डालकर पीस लें और पेस्ट बना लें. आप चाहें तो पालक को पीसकर प्यूरी भी बना सकते हैं.

अब आप सभी चीजों को अलग रख दें और आटा गूंथने वाले बर्तन में आटा छान लें. आटा छानने के बाद इसमें स्वाद के अनुसार नमक मिक्स कर दें. फिर इसमें बारीक कटा हुआ पालक और तैयार



किया गया पेस्ट डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर दें. अब इस मिक्सचर में 1 चम्मच तेल डालने के बाद थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए आटा गूंथ लें. इसके बाद आटे को 15-20 के लिए अलग रख दें.

इसके बाद आप एक नॉनस्टिक पैन या तवा गैस पर रखें. तवा गर्म होगा, इतनी देर में आप आटे की लोइयां बना लें. एक लोई लेकर उसे पराठे के जैसा गोल या तिकोना बेल लें. जब तवा गर्म हो जाए तो उस पर थोड़ा सा तेल डालकर चारों ओर फैलाएं और पराठा डालकर सेकें. पराठे को पलट पलटकर दोनों ओर से तब तक सेकें जब तक कि वो क्रिस्पी न हो जाए. इसके बाद पराठे को निकालकर प्लेट में रखें.

इसी प्रोसेस को फॉलो करके एक-एक करके सभी लोइयों के पराठे बनाकर तैयार कर लें. इस तरह आपके स्वादिष्ट पालक के पराठे बनकर तैयार हो जाएंगे, जिन्हें आप सॉस, चटनी, दही या फिर सब्जी के साथ गर्मागर्म सर्व कर सकते हैं. पालक का पराठा खाने में स्वादिष्ट होता है और इसे खाने से शरीर को कई गजब के फायदे मिल सकते हैं.

# ठंढ से बढ़ा कोल्ड डायरिया का खतरा

### ■ जाने लक्षण और उपाय

अचानक मौसम में बदलाव होने के साथ ही अस्पतालों में कोल्ड डायरिया के साथ साथ खांसी,जुखाम, बुखार और



निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है. अस्थमा के मरीजों के अलावा बच्चों के लिए यह मौसम काफी घातक साबित हो सकता है. ऐसे में नन्हे बच्चों को इन बीमारियों से बचाने के लिए चिकित्सक की सलाह लेकर सर्दी से बचाव करना आवश्यक है.

उत्तर भारत में बदले मौसम के मिजाज के बाद शीतलहर शुरू हो चुकी है ऐसे में बच्चों की देखभाल अब ज्यादा करनी पड़ेगी. उन्हें ठंड से बचाने के साथ ही फर्श पर नंगे पांव भी नहीं छोड़ना होगा. बाड़मेर जिला अस्पताल में इन दिनों नन्हे बच्चों के इलाज के लिए माकूल प्रबंधन किए गए है. अचानक से बदले मौसम के कारण बच्चो में बुखार, खांसी, लूज मोशन और जुखाम जैसी शिकायतों के साथ अस्पताल पहुँच रहे है.

### अधिक ठंड में रहता है निमोनिया का खतरा

जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश चौहान बताते है कि बढ़ती ठंड में बच्चों का ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि इस मौसम में मां की जरा सी लापरवाही बच्चों को मुसीबत में डाल सकती है. वह बताते है कि



कोल्ड डायरिया में दस्त, भूख न लगना, कंपकंपी, पूरे दिन सुस्ती रहना, पेट दर्द की समस्या बढ़ जाती है.अधिक ठंड में निमोनिया होने का भी खतरा रहता है.

### डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए करना होगा ये उपाय

चौहान के मुताबिक बच्चों के फेफड़ों में इंफेक्शन और लगातार खांसी आना, सीने में खड़खड़ाहट की आवाज, सांस तेज तेज चलना, चेहरा नीला पड़ना के लक्षण दिखाई देते हैं. ऐसे में बच्चों को तुरंत चिकित्सक को चेकअप करवाकर दवाइयां लेनी चाहिए. सर्दियों में बच्चों को डिहाइड्रेशन से बचाना जरूरी होता है. नियमित अंतराल पर बच्चों को पानी पीलाते रहना चाहिए. ठंड में गुनगुना पानी पीलाना ज्यादा फायदेमंद होता है. बच्चे के शरीर में पानी की कमी होने पर डायरिया का खतरा बढ़ जाता है.

# कान का मैल निकालने के लिए अन्य विकल्प

### ■ एक्सपर्ट से जान लें बेहतरीन तरीके

ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. सोफी माजी कहती हैं कि रूई की तीली या कॉटन बड्स कई तरह से कान का मैल निकालने में घातक साबित हो सकता है. इससे बैक्टीरिया के



कान में घुसने की आशंका बढ़ सकती है. दूसरी तरफ ईयर केनाल के डैमेज होने का खतरा भी बढ़ जाता है. दिलचस्प बात यह है कि जब आप कॉटन बड्स खरीदेंगे तो इसके पैकेट पर भी लिखा होता है कि इसका इस्तेमाल कान के लिए न करें. तो फिर कान का मैल साफ करने का बेहतर तरीके क्या-क्या हैं.

### कान का वैक्स निकालने के बेहतर तरीके

**1. वैसे ही छोड़ दें-** डॉ. सोफी माजी कहती हैं कि कान का वैक्स कान की हेल्थ के लिए जरूरी है. इसलिए सबसे बेहतर तरीका यही है कि इसे यूं ही छोड़ दें. क्योंकि कान अपनी सफाई खुद कर लेता है. इसका डिजाइन नेचुरली हाइजेनिक ही होता है.

**2. नियमित सफाई-** नियमित सफाई का मतलब यह है कि जब नहाते हैं तब कान के बाहरी भाग में अच्छे से साबुन लगाएं और गुनगुने पानी से इसे साफ करें. इसके बाद मुलायम तौलिए से कान को बाहर से पूरी तरह साफ करें. नहाते समय यह रोज का रूटीन बना लें.

**3. ऑलिव ऑयल-** अगर कान में वैक्स बहुत ज्यादा हो गया है तो नेचुरल ऑयल जैसे कि ऑलिव ऑयल या एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें. इससे कान का वैक्स नम हो जाता है और फिर खुद ही कान से बाहर निकल आता है.

4. **माइक्रोसैक्शन-** माइक्रोसेक्शन कान की सफाई का एक वैज्ञानिक तरीका है जिसमें माइक्रोस्कोप की मदद से कान के मैल को निकाला जाता है. यह डॉक्टर ही कर सकता है. यह सुरक्षित तरीका माना जाता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**वृष** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**कर्क** : क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह** : मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कन्या** : मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं।

**तुला** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक** : वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु** : नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है।

**मकर** : नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

विकास



## खबरें गांव की...

### पड़ोसी ने किशोरी संग किया दुराचार

**एटा.** एटा जिले में 15 वर्षीय किशोरी संग गांव में ही पड़ोस के रहने वाले युवक ने गंदा काम किया। किशोरी जब खेत पर जा रही थी तो आरोपी उसे खेत में ले गया। यहां उसके साथ घिनौनी करतूत की। चार दिन बाद पेट में दर्द हुआ तो किशोरी ने परिजनों को हैवानियत की कहानी बताई। परिवार के लोगों ने बताया कि घटना 26 नवंबर की रात करीब आठ बजे की है। 15 साल की बेटी शौच के लिए गई थी, तभी गांव के ही अभिषेक ने बेटी को पकड़ लिया और मुंह दबाकर जबरन खेत में खींच ले गया। यहां पर दुष्कर्म की वारदात की गई। आरोप है कि इसके बाद बेटी को बुरी तरह से डराया धमकाया गया कि अगर किसी को बताया तो हत्या कर देगा।

### संभल हाईवे पर सांड़ से टकराई बाइक, कारपेंटर की जान गई..पत्नी की हालत गंभीर

**अमरोहा.** हसनपुर-संभल रोड पर सांड़ की टक्कर से बाइक सवार अगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी कारपेंटर शौकत अली (45) की मौत हो गई। उसकी पत्नी गंभीर घायल है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक शौकत अली हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर के रहने वाले अख्तर के बेटे थे।

### रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटीं 125 भेड़ें, 12 घायल; मौके पर पहुंचे अधिकारी

**चंदौली.** अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंघीताली के पास बृहस्पतिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 125 भेड़ों की कटकर मौत हो गई। वहीं 12 घायल हैं। बिहार के पशुपालक सुबह करीब 300 भेड़ों को ट्रैक पार करा रहे थे। सूचना के बाद मौके पर एसडीएम सहित कई अधिकारी पहुंचे और लोगों की भीड़ जुट गई। पशुपालक गुरुवार सुबह 300 भेड़ लेकर घर जा रहा था। सिंधीताली के समीप रेलवे ट्रैक पर जैसे ही भेड़ को पार करना चाहा कि ट्रेन की चपेट में आने से लगभग 200 भेड़ इधर-उधर हो गये। सूचना पर पहुंची अलीनगर पुलिस ने कार्रवाई में जुड़ गई। ट्रेन की चपेट में आने 125 भेड़ की मौत हुई है।

# पहले की सरकारें खुद को समझती थीं माई-बाप

**मोदी बोले- सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान, इनको मजबूत बनाकर भारत को विकसित बनाएंगे**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों को वर्चुअली संबोधित किया। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें खुद को माई-बाप समझती थीं। पीएम ने आगे ये भी कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, महिलाएं, युवा और किसान हैं। इन्हें मजबूत बनाकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। हमारे अमृत स्तंभ हैं- हमारी नारीशक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार।

### 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का मेरा सपना- मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने लाल किले से गांव की दीदियों को ड्रोन दीदी बनाने की घोषणा की थी। मैंने देखा कि कोई दसवीं पास हैं, कोई 11वीं तो कोई 12वीं पास, लेकिन हजारों बहनों ने ड्रोन चलाना सीख लिया है। खेती में कैसे इसका उपयोग करना है, फर्टिलाइजर और दवाएं छिड़कने में कैसे इस्तेमाल करना है, ये सब उन्होंने सीख लिया है। अब इन ड्रोन दीदियों को नमन करने का मन करता है। इस योजना को मैं नमो ड्रोन दीदी नाम देता हूं।

ये नाम इसलिए दे रहा हूं, क्योंकि हर गांव ड्रोन दीदी को नमन करता रहे। आने वाले समय में 15 हजार स्व सहायता समूहों को नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इन समूहों को ड्रोन दिया जाएगा। इन दीदियों को ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग दी जाएगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप से महिलाओं को सशक्त बनाने का जो कार्यक्रम चल रहा है, उसमें नमो ड्रोन दीदी की बड़ी भूमिका होगी। गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप में काम करने वाली 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है, ये मेरा सपना है।

### आपको दी हुई गारंटियों को पूरा करूंगा- पीएम

मोदी ने कहा कि इस देश का हर नागरिक चाहे अमीर हो या गरीब, उसे दवाएं सस्ती मिलनी चाहिए। लोगों को बीमारी में जिंदगी ना गुजारनी पड़े। पीएम ने एक कार्यक्रम लॉन्च किया, जिसके तहत देश में जन औषधि केंद्र की संख्या 10 हजार से बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। उन्होंने वालंटियर्स से अपील की कि लोगों को सरकार की योजनाओं को पूरा लाभ मिलना चाहिए। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम विकास रथ रखा था, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' रख दिया। मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा।

# सूरत केमिकल प्लांट में अब तक 7 की जलकर मौत

- 24 घंटे बाद मिले कंकाल से पहचान
- 8 की हालत नाजुक
- रिसाव के बाद ब्लास्ट हुआ था
- कंपनी के अंदर 7 खोपड़ियां और कंकाल मिले



**सूरत.** गुजरात के सूरत में बुधवार 29 नवंबर को एक केमिकल फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में ब्लास्ट होने से आग लग गई थी। इसमें मरने वालों की संख्या अब तक 7 हो गई है। हादसे के बाद 7 से 8 लोग लापता थे। करीब 24 घंटे बाद घटनास्थल से 7 कंकाल मिले। इसके बाद ही प्रशासन ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की। सभी की जलने से मौत हुई।

ब्लास्ट में 20 लोग घायल हैं, जिनमें 8 की हालत नाजुक है। सूरत के फॉयर ब्रिगेड अधिकारी बसंत पारीक के मुताबिक, सचिन इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित फैक्ट्री में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे केमिकल में रिसाव हुआ। इसके चलते विस्फोट के बाद आग लग गई। आग ने फैक्ट्री की पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 9 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

डीसीपी राजेश परमार ने कहा- घटना 29 नवंबर रात करीब दो बजे की है। केमिकल फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने में करीब 10 घंटे का समय लगा। इसके बाद फैक्ट्री में अंदर जाकर जांच की गई तो वहां 7 मानव खोपड़ियां और कंकाल मिले।

कंपनी ने भी 7 कर्मचारियों के गुम होने की जानकारी दे दी थी। सभी नरकंकालों को पोस्टमॉर्टम के लिए सूरत सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल), सुरक्षा और जांच अधिकारी की मौजूदगी में यह पूरा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। फोर्ब्स मैगजीन-2023 ने बिलियनेयर्स की लिस्ट जारी की थी। इसमें दुनिया के 2249 बिजनेसमैन में से 168 भारतीय भी थे। इन भारतीयों में एक नाम इसी कंपनी के सीएमडी अश्विन देसाई का भी था।

# पाकिस्तान से लौटी ग्वालियर की अंजू

**पड़ोसी बोले- उसे गांववाले यहां घुसने नहीं देंगे; पिता भी उसके खिलाफ**

**नई दिल्ली.** ग्वालियर की अंजू चार महीने बाद बुधवार को पाकिस्तान से भारत लौट आई है। वह प्यार के लिए सरहद पार गई थी। अंजू अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुई। उसे BSF कैंप में रखा गया। बाद में दिल्ली एयरपोर्ट से उसकी तस्वीर सामने आई। यहां मीडिया के सामने उसने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

इससे पहले अटारी बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत में इतना जरूर कहा- मैं खुश हूं। अंजू भिवाड़ी (राजस्थान) में पति बच्चों के साथ रहती थी। उसका मायका ग्वालियर के टेकनपुर में है।

उधर, पिता गयाप्रसाद थॉमस ने कहा, 'जिस दिन वह यहां से गई थी, उसी दिन से हमारे लिए मर गई। अब उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है।' गांव के वीर सिंह गुर्जर ने बताया कि वो गांव के अंदर नहीं घुस सकती, इतना भरोसा है। उसे गांव वाले घुसने नहीं देंगे। पिता भी उसे साथ नहीं रखना चाहते।

### कहा- पति से तलाक लूंगी, बच्चों को पाकिस्तान ले जाऊंगी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अंजू ने दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कहा, मैं सभी सवालों के जवाब दूंगी, लेकिन अभी नहीं। अंजू ने आईबी और पंजाब पुलिस को घर वापसी की वजह बता दी है। बताया कि वो यहां अपने पहले पति अरविंद से तलाक लेगी। साथ ही बच्चों को भी पाकिस्तान ले जाने की कोशिश करेगी।

अंजू ने मीडिया के सामने पाकिस्तान की जमकर तारीफ की। कहा कि वहां की मेहमाननवाजी बहुत अच्छी रही। भारत लौटकर भी काफी खुश हूं। इसके अलावा अंजू ने इसका कोई जवाब नहीं दिया कि वो कब तक भारत में रहेंगी।

### गुजरात में जहरीला सिरप पीने से 5 की मौत

**खेड़ा.** गुजरात के खेड़ा जिले में मिथाइल अल्कोहल युक्त जहरीला सिरप पीने से दो दिन में 5 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य 2 बीमार हैं। इनमें भी एक शख्स की हालत नाजुक बताई जाती है।

मृतकों में तीन बगडु और दो बिलोदरा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने इस सिरप की बिक्री करने वाले दुकानदार को हिरासत में लिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

खेड़ा के डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि सिरप में मिथेनॉल की मौजूदगी हो सकती है। सिरप पीने के बाद पीड़ितों को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। पांचों की मौत 27 और 28 नवंबर के दौरान हुई।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने चार्टर प्लेन बुक कराया

**जीते प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट सहित रायपुर पहुंचने के निर्देश दिए**

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव का परिणाम आने से पहले हॉर्स ट्रेडिंग से बचने की तैयारी कर ली है। पार्टी सूत्रों ने बताया- परिणाम आते ही जीते प्रत्याशियों को बेंगलुरु भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कांग्रेस ने 72 सीटर चार्टर प्लेन भी बुक करा लिया है। इसमें जीते विधायकों के साथ ही पार्टी के नेता भी होंगे। कांग्रेस के लिए कर्नाटक सबसे सुरक्षित जगह है। वहां भी कांग्रेस की सरकार है।

छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को वोट डाले गए थे। परिणाम 3 दिसंबर को आएगा।



### जीत के बाद सीधे रायपुर आने के निर्देश

सूत्रों की मानें तो पार्टी ने सभी प्रत्याशियों से कहा है- जीत का सर्टिफिकेट मिलते ही उसे लेकर सीधे रायपुर चले आएं। यहां के VIP रोड पर एक होटल में नवनिर्वाचित विधायकों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। सभी प्रत्याशी रातभर एक साथ यही रुकेंगे।

### एक साथ बेंगलुरु जाएंगे नवनिर्वाचित विधायक

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के बस्तर से लेकर सरगुजा तक के नवनिर्वाचित विधायकों को आने में जो समय लगेगा, इसे ध्यान में रखते हुए दूसरे दिन यानी 4 दिसंबर को सभी जीते हुए विधायकों को बेंगलुरु भेजा जाएगा।

बीजेपी-कांग्रेस में इस बार कड़ा मुकाबला है। राजनीतिक पार्टियां भी इस तैयारी में हैं कि अगर जीत-हार का आंकड़ा बड़ा नहीं हुआ तो विधायकों को सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है।

### 50-55 सीटें बढ़ाएंगी टेंशन

कांग्रेस पार्टी ने 2018 में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। परिणाम आए तो कांग्रेस के 68 प्रत्याशी जीत कर विधायक बने। इस बार स्थितियां कांग्रेस के पक्ष में इतनी अनुकूल नहीं हैं। पार्टी को डर है कि अगर बहुमत आता है और जीतने वाले विधायकों की संख्या 50-55 के बीच रही तो हॉर्स ट्रेडिंग का खतरा बढ़ जाएगा।

### भारत के पहले एस्ट्रोनॉट से मिले NASA चीफ

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के चीफ बिल नेल्सन ने बुधवार को अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा से बेंगलुरु में इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) हेडक्वार्टर में मुलाकात की। बिल नेल्सन सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर राकेश शर्मा के साथ मुलाकात की एक तस्वीर भी शेयर की। कैप्शन में उन्होंने लिखा- राकेश शर्मा और छात्रों के साथ बात करना बड़े सम्मान की बात थी। भारत और बाहर के वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी कड़ी मेहनत करें, बड़े सपने देखें और सितारों तक पहुंचें।

# भारतीय अफसर पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप

- अमेरिकी चार्जशीट में दावा- मर्डर के लिए एजेंट हायर किया
- भारत बोला- हाई-लेवल कमेटी जांच करेगी

**नई दिल्ली.** अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में न्यूयॉर्क पुलिस की एक चार्जशीट सामने आई है। इसमें एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश का आरोप है। भारत के एक पूर्व CRPF अफसर ने उसे पन्नू की हत्या की प्लानिंग करने को कहा था। बुधवार देर रात को सामने आई चार्जशीट में लिखा है कि भारतीय अफसर के कहने पर निखिल ने एक अपराधी से पन्नू के मर्डर के लिए कॉन्टैक्ट किया, लेकिन असल में वह एक अमेरिकी एजेंट था। इस एजेंट ने निखिल की पहचान एक और अंडरकवर अधिकारी से कराई, जिसने पन्नू का मर्डर करने की बात कही। इसके लिए करीब 83 लाख रुपए में डील हुई थी। न्यूयॉर्क पुलिस की चार्जशीट सामने आने के अगले दिन यानी गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- हम पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले में भारतीय अधिकारी के शामिल होने को लेकर जांच कर रहे हैं। इसके लिए हाई-लेवल कमेटी भी बनाई गई है। ये बेहद चिंता का विषय है और भारत सरकार की पॉलिसी के खिलाफ है।

### निखिल के संपर्क में रहा CC-1 भारत में CRPF का पूर्व अफसर

चार्जशीट के मुताबिक, भारतीय अफसर ने ये भी बताया था कि वो भारत की सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स यानी CRPF में काम करता था। हालांकि उसके नाम का खुलासा नहीं किया गया है। उसे CC-1 कहा गया है। उसे सीनियर फील्ड अफसर बताया गया है, जिसके जिम्मे सिक्योरिटी मैनेजमेंट और इंटेलिजेंस का काम है। उसे आर्ट ऑफ वॉर में ऑफिसर लेवल की ट्रेनिंग मिली है और हथियार चलाना भी सिखाया गया है।

चार्जशीट में लिखा है कि भारतीय अधिकारी के कहने पर निखिल ने एक अपराधी से पन्नू के मर्डर के लिए कॉन्टैक्ट किया, लेकिन असल में यह एक अमेरिकी एजेंट था। इस एजेंट ने निखिल की पहचान एक और अंडरकवर अधिकारी से कराई, जिसने हत्या को अंजाम देने की बात कही।

### पुणे में कॉलेज स्टूडेंट की हत्या

**पुणे.** पुणे जिले में एक कॉलेज स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक महेश साधु डोके (21) पुणे का रहने वाला था। आरोपी गायकवाड़ मृतक युवक का गे पार्टनर था। मौत से पहले महेश ने पूरी सच्चाई बताई। महेश ने बताया कि गायकवाड़ उसका दोस्त है। दोनों के बीच समलैंगिक संबंध थे। कुछ समय पहले उसने गायकवाड़ के साथ रिश्ता रखने से इनकार कर दिया था। इसके चलते गायकवाड़ गुस्से में था। महेश बीजीएस कॉलेज में BBA के अंतिम वर्ष में पढ़ रहा था। वह यहां के एक हॉस्टल में रहता था।

# भारत-पाक बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात



- फ्लड लाइट्स की जगह LED लगी
- बॉर्डर पार खेती करने वालों के लिए बायोमैट्रिक मशीनें लगेंगी

**नई दिल्ली.** भारत-पाक बॉर्डर पर पड़ोसी देश की तरफ से बढ़ते ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए गए हैं। इस सिस्टम में हैंड-हेल्ड स्टैटिक, व्हीकल-माउंटेड एंटी-ड्रोन सिस्टम शामिल हैं।

इतना ही नहीं, बॉर्डर पर लगी फ्लड लाइट्स को एलईडी (LED) से बदला जा रहा है। यह जानकारी 59वें BSF डे पर बीएसएफ महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने हजारीबाग में दी।

DG के मुताबिक पश्चिमी सीमा पर पिछले साल 1 नवंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2023 के बीच 90 ड्रोन बरामद किए गए। इनसे 81 पंजाब में और 9 राजस्थान से बरामद किए गए थे।

**बॉर्डर पार जाने वाले किसानों के लिए बायोमैट्रिक सिस्टम लगा**

BSF ने बॉर्डर पार जाकर खेती-किसानी करने वाले किसानों के लिए भी बायोमेट्रिक मशीनें लगाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए पंजाब से लगी बॉर्डर पर बाड़ लगाने से पहले दूसरी तरफ जमीन रखने वाले किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।

**दिल्ली के तिगरी कैंप में बनी फॉरेंसिक लैब**

बीएसएफ DG ने बताया कि पश्चिमी सीमा पर फील्ड यूनिट्स ने जिन 81 ड्रोन को बरामद किया उनका एनालिसिस करने के लिए दिल्ली के तिगरी कैंप में एक ड्रोन फोरेंसिक लैब बनाई गई है। इस लैब से मिलने वाले रिजल्ट को संबंधित विभागों और अधिकारियों से शेयर किया जा रहा है।

## अश्विन ने वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद का माहौल बताया; कहा-

# जीत नसीब में नहीं थी

- रोहित-विराट ड्रेसिंग रूम में फूट-फूट कर रोए थे




वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में मिली हार के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली फूट-फूटकर रोए थे। ये खुलासा टीम के स्टार स्पिनर आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एस बद्रीनाथ से बातचीत के दौरान किया है।

ड्रेसिंग रूम का माहौल बताते हुए अश्विन ने कहा, 'हमें दर्द महसूस हुआ। विराट और रोहित को रोते देखकर बुरा लग रहा था। हमारा वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना टूट गया था।

बता दें कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हरा दिया था।

अश्विन ने कहा, 'जीत हमारे नसीब में नहीं थी। यह टीम अनुभवी थी। हर किसी को पता था कि उसे क्या करना है और फिर खिलाड़ी प्रोफेशनल हैं। हर कोई अपना रुटीन और वॉर्मअप जानता है। मेरे ख्याल से दोनों नेचुरल लीडर्स ने टीम में इस तरह की बॉन्डिंग बनाई।'

### रोहित ने एडवांस लेवल की लीडरशिप की

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर बात करते हुए अश्विन ने कहा- अगर आप भारतीय क्रिकेट को देखें तो हर कोई कहेगा कि एमएस धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक हैं। रोहित शर्मा एक शानदार व्यक्ति हैं। वो टीम में प्रत्येक व्यक्ति को समझते हैं। वो जानते हैं कि हममें से हर किसी को क्या पसंद और क्या नापसंद है। उनकी समझ शानदार है। वो प्रत्येक सदस्य को निजी तौर पर जानने का प्रयास करते हैं। रोहित प्रयास करते हैं कि कैसे प्रत्येक व्यक्ति को रणनीति समझाई जाए। यह भारतीय क्रिकेट में एडवांस स्तर की लीडरशिप है।

### हेड-लाबुशेन की पारियों से हारा था भारत

वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को 6 विकेट की हार का सामना करना पड़ा था। अहमदाबाद में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# जम्मू-कश्मीर में स्नो फॉल, गुलमर्ग में -1 डिग्री तापमान

**तमिलनाडु में भारी बारिश, 5 जिलों में स्कूल बंद; MP के 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट**

**नई दिल्ली.** देश के पहाड़ी राज्यों में स्नो फॉल और मैदानी इलाकों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। जम्मू-कश्मीर में गुरुवार सुबह से भारी बर्फबारी हो रही है। स्नो फॉल के बाद गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री पहुंच गया।



तमिलनाडु में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। सड़कों पर पानी भर गया है। चेन्नई, तिरुवल्लूर सहित 5 जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं। चेन्नई के अरक्कोणम शहर में NDRF को स्टैंड बाय पर रखा गया है।

मध्य प्रदेश के 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, उज्जैन सहित कई शहरों में आज सुबह बारिश हुई। इंदौर एयरपोर्ट पर घने कोहरे के कारण सुबह 9.30 बजे तक लैंड होने वाली 5 फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट करना पड़ा। चंडीगढ़ में कल से भारी बारिश हो रही है। IMD ने गुरुवार को राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु सहित कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### तमिलनाडु में चेन्नई सहित 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

IMD ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने से तमिलनाडु में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज चेन्नई, चेंगलपट्टू, वेल्लोर, पुदुकोट्टई सहित 12 जिलों में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की है। चेन्नई में हालात सबसे खराब है। पेरम्बूर लोको रेलवे स्टेशन टनल पानी से भर गया है।

ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन के कमिश्नर डॉ जे राधाकृष्णन ने बताया कि सीएम बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। चेन्नई में 15 IAS अधिकारियों और 16 हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। चेन्नई और आसपास के जिलों में 2 और 3 दिसंबर को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है।

### मोरबी ब्रिज हादसा, ओरेवा ग्रुप के मालिक को जमानत नहीं

**नई दिल्ली.** गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जयसुख पटेल के वकील से कहा- आप जमानत के लिए फिलहाल निचली अदालत या हाईकोर्ट जाएं। जयसुख पटेल 31 जनवरी से मोरबी जेल में बंद हैं। गुजरात हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रहा है। हाईकोर्ट ने पिछले महीने मोरबी सस्पेंशन ब्रिज का रखरखाव और संचालन करने वाली कंपनी अजंता मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड (ओरेवा ग्रुप) को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि कंपनी को हादसे से हुए नुकसान के भुगतान के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। अजंता कंपनी ने पुल की मरम्मत के लिए देवप्रकाश सॉल्यूशंस के साथ एग्रीमेंट किया था।

# NIT श्रीनगर के स्टूडेंट्स को हॉस्टल खाली करने का निर्देश

- सेमेस्टर एग्जाम के बीच विंटर वेकेशन की घोषणा
- वीडियो पोस्ट को लेकर छात्रों ने किया था प्रदर्शन



**श्रीनगर.** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) श्रीनगर के स्टूडेंट्स को प्रशासन ने फौरन हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया है। कॉलेज प्रशासन ने सेमेस्टर एग्जाम के बीच विंटर वेकेशन की भी घोषणा कर दी है। दरअसल, NIT के एक स्टूडेंट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था। आरोप है कि स्टूडेंट ने अपने पोस्ट में पैगंबर मोहम्मद साहब का अपमान किया है।

जम्मू-कश्मीर के DGP आर आर स्वैन ने बताया कि सोशल मीडिया पर जिन अकाउंट्स से ये पोस्ट शेयर किए गए, उनमें कई अकाउंट्स बॉर्डर से बाहर के हैं। कुछ लोग इसमें शामिल होकर माहौल खराब कर रहे हैं।

DGP ने कहा- जम्मू-कश्मीर पुलिस पैगंबर मोहम्मद के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखती है। हम किसी भी हालत में इसे ठेस नहीं पहुंचने देंगे। कुछ लोग प्रदर्शन की आड़ में कुछ और करने की कोशिश कर रहे हैं।

### श्रीनगर में स्टूडेंट्स ने विरोध-प्रदर्शन किया

वीडियो पोस्ट को लेकर NIT के दूसरे स्टूडेंट्स विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। 28 नवंबर को NIT के स्टूडेंट्स ने संस्थान के दोनों गेट बंद कर दिए और परिसर के अंदर नारे लगाए। 29 नवंबर को NIT के अलावा श्रीनगर के अमर सिंह कॉलेज और डाउन टाउन इलाके में स्थित इस्लामिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के छात्रों ने भी प्रदर्शन किया था। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए 29 नवंबर को NIT श्रीनगर के प्रभारी रजिस्ट्रार अतीकुर्रहमान ने संस्थान में अगले आदेश तक सभी एकेडेमिक एक्टिविटीज बंद करने का नोटिस जारी कर दिया। साथ ही आरोपी स्टूडेंट को छुट्टी पर घर भेज दिया गया।

## संक्षेप...

### साइकिल चोरी

**बदलापुर.** हेंद्रेपाड़ा, बदलापुर पश्चिम में सड़क पर खड़ी की गई साइकिल चोरी हो गई, जिसकी कीमत 9 हजार रुपए है. बिरेंद्र शेरसिंग मेहरा (28) ने मंगलवार की रात 8.30 बजे के करीब अपनी साइकिल चिंतामणि चौक के पास, हेंद्रेपाड़ा में सड़क पर खड़ी की थी. जहां से बाइक चोरी हो गई. बाइक की कीमत 9 हजार रुपए है. बदलापुर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस हवलदार पाटोले मामले की जांच कर रहे हैं.

### चेन छीनकर लुटेरा फरार

**ठाणे.** शहर में इन दिनों फिर से चोरी-छिनैती की घटनाएं बढ़ रही हैं, इससे नागरिकों में दहशत का माहौल है. ठाणे के कापुरबावड़ी नाका के पास उल्हासनगर परिसर के रहिवासी हितेश पुरुषोत्तम हंसानी के गले से स्पोर्ट्स मोटर साइकिल सवार सोने की चेन छीनकर फरार हो गया. जिसकी कीमत लगभग 8 लाख के आसपास बताई गई है. इसको लेकर चितलसर पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.

# फेरीवाला जोन पर निर्णय जल्द



■ **प्रशासक अजय वैद्य ने फेरीवाला कमेटी सदस्यों के साथ की बैठक**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर के सभी प्रमुख मार्गों एवं बाजार के व्यस्ततम क्षेत्र में फेरीवाले, ठेला वालों द्वारा सड़क,दुकान किनारे खड़े होकर व्यवसाय किए जाने से शहर जाम की समस्या से घिर गया है.मनपा प्रशासन जाम समस्या के निराकरण के लिए अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाकर अतिक्रमण साफ कर मार्ग को सरल करने में जुटा है. अतिक्रमण हटाओ मुहिम को लेकर सड़क, दुकानों के सामने बैठकर व्यवसाय कर रहे लोगों में नाराजगी फैली है.मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने फेरीवाला कमेटी सदस्यों के साथ बैठक कर सदस्यों की सभी बातों को गंभीरता से सुनकर यातायात समस्या के निदान के लिए शहर में आवश्यक जगह पर फेरीवाला जोन, नो फेरीवाला जोन बनाने का निर्णय शीघ्र लेने का भरोसा दिया है.उक्त अवसर पर मनपा प्रशासक,आयुक्त अजय वैद्य, प्रभारी शहर अभियंता सुरेश भट्ट,सहायक आयुक्त प्रणाली घोंगे, मार्केट विभाग अधिकारी नितिन पाटिल, व्यवस्थापक संजय ठाकरे, कैलास पाटील, एस्तेर रायबोर्ड, धनश्री, समिति सदस्य मनोज गगे, श्याम पाटील, विजय कांबले, पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह,नितेश एंकर, बशीर इंदेकर, शब्बीर शेख,नवीन शेख, शब्बीर खान, सुशीला कांबले, सत्वशीला जाधव, नितीन शंकर सहित पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि भिवंडी शहर में लगने वाले भयंकर जाम को गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने सभी प्रभाग अधिकारियों से शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम युद्धस्तर पर चलाए जाने के निर्देश दिए हैं.अतिक्रमण हटाओ मुहिम की वजह से तमाम प्रमुख सड़कों एवं प्रमुख बाजारों में आवागमन सरल हो गया है.अतिक्रमण

मुहिम शुरू होने से मार्ग के किनारे एवं दुकानों के सामने फेरीवाला, ठेलावालों को व्यवसाय करने में दिक्कत हो रही है. शासन के निर्देशानुसार फेरीवालों को संरक्षण देने एवं शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने फेरीवाला कमेटी सदस्यों, पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी सहित मनपा के शीर्ष अधिकारियों के साथ अहम बैठक की.मनपा सभागृह में बुलाई बैठक में मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने तमाम सदस्यों की बातों, सुझाओं को गंभीरता से सुनकर कहा कि, शहर में अतिक्रमण कदापि नहीं होना चाहिए.अतिक्रमण से भयंकर जाम लग रहा है.शहर के व्यस्ततम बाजारों एवं शहर के प्रमुख मार्गों के किनारे हुए अतिक्रमण की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है.आयुक्त वैद्य ने फेरीवाला कमेटी सदस्यों को भरोसा देते हुए कहा कि, फेरीवाला, नो फेरीवाला जोन निर्माण की खातिर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी. कमेटी जल्द ही शहर में फेरीवाला,नो फेरीवाला जोन निर्माण का निर्णय जल्द करेगी.फेरीवालों की समस्या समाधान के लिए मनपा प्रशासन कृत संकल्पित है.

### शासन के निर्देशों का हो रहा पालन

आयुक्त अजय वैद्य ने बताया कि शहर में करीब 10 हजार से अधिक फेरीवालों की संख्या है.शासन के निर्देशानुसार फेरीवालों का सर्वेक्षण कर जीआईएस एप द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है. फेरीवालों को व्यवसाय के लिए बैंकों से 10 हजार रुपए कर्ज दिलाया जा रहा है. रजिस्ट्रेशन पोर्टल में खराबी होने की वजह से रजिस्ट्रेशन का रुका हुआ कार्य जल्द शुरू होगा. केंद्र सरकार द्वारा फेरीवालो के संरक्षण के निर्देशित तमाम निर्देशों का पालन मनपा प्रशासन द्वारा किया जाएगा. शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में शहर के नागरिकों से सहयोग का आह्वान करते हुए मनपा आयुक्त वैद्य ने कहा कि, शहर को साफ सुथरा एवं अतिक्रमण मुक्त रखना शहर के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है.मनपा द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम में सभी नागरिकों को सहयोग करना बेहद जरूरी है.

**अंबरनाथ के मनसे कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन**

## नेवाली-अंबरनाथ रोड़ पर नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप



**अंबरनाथ.** नेवाली-अंबरनाथ पाइपलाइन रोड पर एमआईडीसी द्वारा जारी नाली निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप कर अंबरनाथ के मनसे कार्यकर्ताओं ने डोंबिवली एमआईडीसी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। अंबरनाथ के मनसे उप शहर अध्यक्ष ऐसामुद्दीन खान के नेतृत्व में जलापूर्ति विभाग के उप अभियंता आनंद गोगटे को निवेदन पत्र देकर उनसे इस विषय में उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। बताया जाता है कि नेवाली-अंबरनाथ रोड़ पर सड़क के किनारे डोंबिवली एमआईडीसी द्वारा नाली निर्माण का काम किया जा रहा है। इस काम में ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने लगाया है। इस विषय में अंबरनाथ के एमएनएस उप शहर अध्यक्ष ऐसामुद्दीन खान ने कहा कि संबंधित ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में निकृष्ट दर्जे का काम किया जा रहा है। खान ने बताया कि एस्टीमेट के मुताबिक नाली के निर्माण में दो लोहे की सरिया लगाना आवश्यक है, जबकि ठेकेदार केवल एक ही सरिया लगा रहा है। यह अत्यंत हल्का दर्जा व घटिया क्वालिटी का काम हो रहा है।

### अन्यथा मनसे स्टाइल में होगा आंदोलन

खान ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, इसका मतलब साफ है कि ठेकेदार को अधिकारियों का संपूर्ण आशीर्वाद मिला हुआ है। सुनवाई नहीं होने पर आने वाले समय में एमआईडीसी के मुंबई कार्यालय में मनसे के तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी कार्यकर्ताओं ने दी है। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष रितेश निलधे, संदीप भोईर, एकनाथ झांबरे, आकाश शिंदे, प्रवीण दाभाडे, शशि पवार आदि अंबरनाथ से मनसे के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**इंटर यूनिवर्सिटी योगा टूर्नामेंट के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी टीम में**

## SST कॉलेज के विकास तरे का चयन

**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय खेल विभाग और बिर्ला कॉलेज के सहयोग से इंटर-कॉलेज योगा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल चार प्रभाग ने भाग लिया। ठाणे डिवीजन, मुंबई डिवीजन, मुंबई उपनगर और कोंकण डिवीजन। इस प्रतियोगीता में अपना दबदबा कायम रखते हुए ठाणे डिवीजन ने तीनों डिवीजनों को हराकर लगातार दूसरी बार अपना पहला स्थान बरकरार रखा। इसमें एसएसटी कॉलेज के विकास तरे का चयन ठाणे विभाग द्वारा किया गया। इसमें विकास ने लगातार दूसरी बार अंतरविभागीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा उन्हें मुंबई यूनिवर्सिटी द्वारा इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए भी चुना गया।एसएसटी कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, उप प्राचार्य प्रो जीवन विचारे और प्रो दीपक गवादे, प्रो तुषार वाकसे और खेल शिक्षक श्री राहुल और श्री पुष्कर पवार के साथ-साथ मार्गदर्शक श्री श्रीकांत शेलार, सभी शिक्षकों, अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने सभी एथलीटों को बधाई दी औरभविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## क्रिकेट खिलाड़ी की हत्या का प्रयास

### 7 युवकों पर FIR

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत वफा कॉम्प्लेक्स के मैदान मे क्रिकेट खिलाड़ी से पुरानी दुश्मनी होने के कारण 7 चाकू से हमला करने की घटना प्रकाश में आई है. शांतिनगर पुलिस ने 7 नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, के.जी.एन. चौक के नजदीक रहने वाले फरदीन आरिफ खान दोपहर करीब 4 बजे क्रिकेट खेलने के लिए वफा कंपलेक्स के मैदान में गया था.फरदीन ने फरवरी में अपनी बहन से छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति हुजैफा के खिलाफ शांतिनगर पुलिस में केस दर्ज कराया था. जिसके कारण उजैफा उससे बदला लेने के लिए दुश्मनी पालकर रखा था. उजैफा को जानकारी मिली की फरदीन अकेले वफा कंपलेक्स के मैदान में क्रिकेट खेलने गया है तब हुजैफा तुफैल शेख, अबु हामजा तुफैल शेख, आरमश तुफैल शेख, अबुजर जुनैद शेख, जुनैद शोहेबे शेख, इश्तीयाक शोहेब शेख सब इकठ्ठा होकर वफा कंपलेक्स क्रिकेट मैदान पहुंचे और फरदीन के साथ धक्कामुक्की और गालीगलौज तथा झगड़ा करने लगे.इसी दरम्यान अबुजर जुनैद शेख ने जान से मारने के उद्देश्य से फरदीन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया. हमले में फरदीन को गंभीर चोटे लगी. उपचार के लिए उसके परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है. शांतिनगर पुलिस ने सातों के खिलाफ भादंवि की धारा 307, 326, 323, 504, 506,143,144,147,148,149 सहित महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 37(1)135 के तहत केस दर्ज कर लिया है.

## ट्रेलर ने युवक को कुचला, ड्राइवर पर FIR

**नवी मुंबई.** कलंबोली में ड्राइवर की लापरवाही से एक युवक की जान गई. इस मामले में कलंबोली पुलिस ने ट्रेलर के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस ने बताया कि उक्त हादसे में जान गंवाने वाले युवक का नाम श्याम पांडुरंग माने है, जो सांगली का निवासी है. पुलिस ने बताया कि 30 साल का श्याम ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था. जब वह कलंबोली स्थित पार्किंग नंबर-5 में खड़ी ट्रेलर के नीचे सो रहे था, तभी उस ट्रेलर के ड्राइवर ने ट्रेलर के नीचे देखे बिना ही ट्रेलर को चालू कर के आगे बढ़ा दिया, जिसका पिछला पहिया श्याम के शरीर पर से गुजरा जिसकी वजह से उसकी मौत हुई. इस मामले में ट्रेलर के ड्राइवर मोहम्मद आरिफ अनीत अहमद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है.

## आग लगने से होटल का सामान जलकर खाक, जनहानि नहीं

**मुंब्रा।** मुंब्रा परिसर के चर्नीपाड़ा इलाके में रात के समय एक होटल में आग लगने की घटना सामने आई है। जिसमें सामान जलकर खाक हो गया, लेकिन जानी नुकसान नहीं पहुंचा। मनपा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दो मंजिला शाह हाऊस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित होटल में आग लगने की शाम पिछली रात में हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल के जवान एक रेस्क्यू वाहन समेत घटनास्थल पर पहुंच कर आग बुझाने के काम में लग गए। कुछ देर में आग पर काबू पाने में सफलता मिली. इस घटना में टेबल समेत अन्य सामान का नुकसान हुआ है।

**मुंबई पुलिस के खोजी कुत्ते ने**

## अगवा 6 साल के बच्चे को 90 मिनट में ढूंढ निकाला

**मुंबई.** मुंबई पुलिस के बम निरोधक एवं जांच दस्ते के एक खोजी कुत्ते ने अगवा किए गए छह साल के एक बच्चे को सिर्फ 90 मिनट में ढूंढ निकाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, डाबरमैन नस्ल के कुत्ते लियो ने शुक्रवार तड़के अंधेरी (पूर्व) में अशोक नगर बस्ती से करीब 500 मीटर दूर लड़के को ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि अगवा किया गया बच्चा भी उसी बस्ती में रहता है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे का अपहरण उस समय किया जब वह अपनी झुग्गी के बाहर खेल रहा था। अधिकारी ने बताया कि लड़के के परिवार ने मध्यरात्रि के बाद पवई पुलिस से संपर्क किया।

पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने पुलिस को बताया कि लड़के ने झुग्गी से बाहर निकलने से पहले कपड़े बदले थे, जिसके बाद पुलिस ने लियो को बच्चे की कमीज सुंघाई।

अधिकारी ने बताया कि कमीज सूघंने के बाद लियो ने तुरंत पुलिस टीम को उस लड़के तक पहुंचाया, जिसे अज्ञात अपहरणकर्ता घबराहट में छोड़कर भाग गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 10 में से 6 लोग छोड़ना चाहते हैं दिल्ली-मुंबई

■ **स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा**

दिल्ली और मुंबई में रहने वाले 60 फीसदी लोग दोनों शहरों में वायु प्रदूषण से खराब होते हालात के मद्देनजर कहीं और जाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं. यह खुलासा एक हालिया स्टडी में हुआ है. स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रिस्टिन केयर ने दिल्ली, मुंबई और आसपास के इलाकों के चार हजार लोगों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह नतीजे पेश किए हैं. अध्ययन में शामिल 10 में से नौ उत्तरदाताओं ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में गिरावट के सबसे आम लक्षणों जैसे लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट, गले में खराश और आंखों से पानी निकलने या खुजली का अनुभव करने की बात कही.

## श्री संत नामदेव महाराज की जयंती प्रदेश स्तर पर मनाई जानी चाहिए

**केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल ने मुख्यमंत्री शिंदे को लिखा पत्र.**

**भिवंडी.** केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अनुरोध किया है कि सरकार को देशभर में अभंग और कीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक जनजागृति का प्रचार प्रसार करने वाले श्री संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती राज्य स्तर पर मनानी चाहिए.

गौरतलब हो कि, श्री संत शिरोमणि नामदेव महाराज वारकरी संप्रदाय के महान संत के रूप में जाने जाते हैं. वह शिम्पी समाज के आदर्श माने जाते हैं, जिनके देश भर में लाखों की संख्या में अनुयाई हैं.श्री संत नामदेव ने पंजाब के श्रीक्षेत्र घुमान में 18 वर्षों तक रहकर समाज को दिशा देने का काम किया.पंजाब में उन्हें संत भगत नामदेव के नाम से जाना जाता है.सिख धर्म की प्रमुख पवित्र पुस्तक गुरु ग्रंथ सहाबा में संत नामदेव के 61 दोहे हैं.पंजाब सरकार ने घुमान में उनके नाम पर एक विश्वविद्यालय शुरू करने की घोषणा की है. इस पृष्ठभूमि में केंद्रीय संगठन अखिल भारतीय श्री क्षत्रिय अहीर शिम्पी समाज ने मांग की है कि राज्य सरकार संत नामदेव की जयंती महाराष्ट्र में भी मनाये. केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखितपत्र भेज कर अनुरोध किया है कि राज्य सरकार को संत नामदेव महाराज की जयंती मनाने का निर्णय लेना चाहिए.



## रणदीप हुड्डा ने मणिपुरी रीति-रिवाज से शादी की



रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने 29 नवंबर को इम्फाल, मणिपुर में सात फेरे लिए। रणदीप और लिन ने अपने खास दिन पर ट्रेडिशनल मणिपुरी शादी का जोड़ा चुना। शादी के वक्त रणदीप मणिपुर की खास पगड़ी और सफेद रंग का धोती-कुर्ता पहने नजर आए।

वहीं ब्राइड लिन लैशराम ने सिलेंड्रिकल स्कर्ट पहने नजर आईं जो बांस और मोटे फैब्रिक से बनाई जाती है। लिन उम्र में रणदीप से 10 साल छोटी हैं वो मणिपुर की जानी-मानी मॉडल हैं, साथ ही बॉलीवुड एक्ट्रेस भी हैं।

### रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम का शादी लुक

शादी के स्पेशल दिन पर लिन सफेद और गुलाबी रंग की साड़ी में सजी-धजी मणिपुरी पोशाक में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को गोल्ड ज्वेलरी के साथ कंप्लीट किया। वो अपने रिश्तेदारों के साथ रणदीप की तरफ मुस्कुराती हुई बढ़ रही थीं। वहीं रणदीप सफेद कुर्ते पायजामा में खड़े लिन को निहार रहे थे।

कपल पिछले 4 सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। रणदीप ने बताया कि उनकी पहली मुलाकात नसीरुद्दीन शाह के थिएटर ग्रुप 'मोटले' के दरमियान हुई थी। उस समय रणदीप उनके सीनियर थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों काफी समय से दोस्त हैं। हमारी मुलाकात थिएटर के दौरान हुई थी। हमारी दोस्ती बहुत गहरी थी और इसलिए अब हम इस दोस्ती को शादी में बदलना चाहते हैं।'

रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने इंफाल के शन्नापुंग रिसॉर्ट में शादी की। दोनों के परिवार और रिश्तेदार शादी में शामिल हुए। कपल ने लंबे समय तक अपने रिश्ते को सभी से छुपाकर रखा था। कुछ दिन पहले ही दोनों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में अपने रिलेशन को ऑफिशियल किया था। रणदीप और लिन मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन रखेंगे, जिसमें बॉलीवुड सेलेब्स शामिल होंगे।

## पत्रकार को जान से मारने की धमकी

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** सरकार द्वारा नशा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदम का कोई भी सार्थक असर भिवंडी में दिखाई नहीं पड़ रहा है. भिवंडी नासिक रोड, मुंबई नासिक हाईवे पर दर्ज़नों ढाबे हैं जहां पर अवैध रूप से नशीला हुक्का परोसने का कारोबार होता है. हुक्काखोरी की चपेट में आकर युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है.

जागरूक नागरिकों का आरोप है कि, बारंबार शिकायत के बावजूद पुलिस अधिकारी अपनी जेब गर्म कर अवैध कारोबार को नजरअंदाज करते हैं.पत्रकारिता की अपनी अहम जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उर्दू टाइम्स के सजग पत्रकार दानिश आजमी ने अखबार में खबर प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने के साथ ही अवैध हुक्के का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किया था. अखबार की खबर को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने पुलिस कार्यवाही कर कई ढाबों पर मामला दर्ज किया था. पुलिस के एक्शन से बौखलाए दिल्ली दरबार और नवाब ढाबे के मालिक तथा स्वघोषित ढाबा मालिक यूनियन का कर्ताधर्ता एहतेशाम शेख पुलिस द्वारा हुक्का बंद कराने और कारवाई की बौखलाहट में 27 नवंबर शाम साढ़े 8 बजे आम पाड़ा में एक शादी समारोह में उर्दू टाइम्स के पत्रकार दानिश आजमी को जान से मारने की धमकी देते हुए धमकाया कि,बहुत सोशल मीडिया और उर्दू टाइम्स में ढाबे के विरुद्ध लिखते हो. अखबार में लिखना बंद करो वर्ना जान से हाथ धोना होगा. धमकी से भयभीत पत्रकार दानिश आज़मी ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले से मुलाकात कर दिया. पुलिस उपायुक्त के आदेश पर शान्तिनगर पुलिस ने आरोपी एहतेशाम शेख के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

### ढाबा मालिक पर सख्त कार्रवाई की मांग

उक्त संदर्भ में पत्रकार दानिश आजमी ने कहा कि, एहतेशाम शेख और उनके सहयोगियों से जान को खतरा है. पहले भी कई पत्रकारों को जान से मारने की धमकी दे चुके है. पुलिस प्रशासन को ढाबा मालिक के विरुद्ध कड़क कानूनी एक्शन लेना चाहिए. शहर के तमाम पत्रकारों ने भी पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले से पत्रकार दानिश आजमी की सुरक्षा सहित धमकी देने वाले ढाबा मालिक एहतेशाम शेख पर कड़क कार्रवाई किए जाने की मांग की है.

## क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में 4.07 लाख गंवाए

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के 38 वर्षीय व्यक्ति से तीन लोगों ने कथित तौर पर 4.07 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने अच्छे मुनाफे के झूठे वादे पर 'बिटकॉइन ट्रेंडिंग' में पैसा लगाने का लालच दिया था। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं जिन्होंने एक कंपनी से जुड़े होने का दावा किया था और व्यक्ति को 'बिटकॉइन ट्रेंडिंग' में निवेश करने के लिए कंपनी का एक लिंक भेजा। इस साल मार्च और जून के बीच छोटी अवधि में अच्छे मुनाफे का आश्वासन मिलने के बाद व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से 4,07,536 रुपये का निवेश किया था समय पूरा होने के बाद युवक ने जब मुनाफा माँगा मुताबिक तो आरोपियों ने उससे बातचीत करना बंद कर दिया। अपने आप को ठगे जाने के एहसास होने के बाद व्यक्ति शिकायत लेकर नवी मुंबई के एपीएमसी पुलिस के पास पहुंचा.

## सावित्रीबाई फुले विवि छात्रों को प्रथम स्थान

**कल्याण.** मुंबई विश्वविद्यालय मुंबई और बीके बिड़ला कॉलेज, कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय महिला अंतर-विश्वविद्यालय टेनिस टूर्नामेंट ओलंपिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पलावा-डोंबिवली में आयोजित किया गया. 5 राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों की विशेष भागीदारी रही. इस प्रतियोगिता के उद्घाटन पर कल्याण डोंबिवली मनपा की आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. मुख्य अतिथि का बिड़ला कॉलेज के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेशचंद्र द्वारा विशेष स्वागत एवं सम्मान किया गया. इस अवसर पर मुंबई विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. मोहन अमरुले, नाइट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, खेल निदेशक अनिल तिवारी, वाई. डी. बागराव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे. तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में पुणे की सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रोचक मुकाबले के बाद पहला स्थान हासिल किया.

### आम सूचना

हम श्री मुश्ताक मोहम्मद रईस चौधरी व श्री आझाद मोहम्मद रईस चौधरी सभी को सूचित कर रहे हैं कि रूम नं.4, बैरक नं. 1111, सीटीएस नं. 14635(पी), शीट नं. 22, सेकंड ऑर्डनेन्स गेट समोर, फ्लावर लाइन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38बीओ006936400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नीता प्रकाश आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.3.2023 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री मुश्ताक मोहम्मद रईस चौधरी व श्री आझाद मोहम्मद रईस चौधरी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099